>

Title: Need to review the proposal of widening of N.H. 4-A in Goa keeping in view the interest of large number of residential and commercial establishments facing dislocation.

श्री श्रीपाद येसो नाईक (उत्तर गोवा): गोवा स्थित एन.एच.-4 तथा एन.एच.-17 राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने के लिए सरकार द्वारा नये राजमार्ग एन.एच.-4ए का चौड़ाईकरण करने का निर्णय लिया गया है। इसका मोलेम से पणजी तक का सर्वे आदि भी किया गया है। यह सर्वे करने से पहले अथॉरिटी ने राज्य सरकार अथवा अन्य किसी भी सरकारी एजेंसी को जानकारी में नहीं रखा। पूर्व में इस राजमार्ग की चैड़ाई 45 मीटर रखने का प्रस्ताव था जिसके कारण फोंडा से पणजी तक के सैंकड़ों मकान, दुकान, मंदिर, मस्जिद, गिरिजाघर आदि टूटने के कगार पर आ गये थे। किंतु, सरकार ने अब इसकी चौड़ाई 45 मीटर से बढ़ाकर 60 मीटर करने का निर्णय लिया है। सरकार के इस निर्णय से इस क्षेत्र के हजारों मकानों के टूटने की संभावना है तथा लोगों के बेघर होने की संभावना है, जिससे क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

इस राजमार्ग के बनने से हजारों लोगों के बेघर होने की संभावना को देखते हुए मेरा सरकार से अनुरोध है कि उक्त दोनों राजमार्गों को जोड़ने के लिए जो राजमार्ग एन.एच.-4ए का चौड़ाईकरण किया जा रहा है उसके लिए किसी अन्य विकल्प पर विचार किया जाये जैसे फोंडा सिटी आने से पहले ही फोंडा से वेर्णा तक नया रास्ता बनाकर उक्त दोनों राजमार्गों को जोड़ा जा सकता है। इसके अलावा भी कई अन्य विकल्प मौजूद हैं।

अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि प्रदेश के लोगों की भावनाओं को देखते हुए राजमार्ग बनाने के कार्य को तुंत रोक कर अन्य विकल्प पर विचार कर उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग एन.एच.-4ए का चौड़ाईकरण किया जाये।